जयपुर
महानगर टाइम्स
epaper.mahanagartimes.com
02 Jan 2026 - Page 3

# किशोर सुरक्षा गृह में निशुल्क कंबल, मेटरेस व वूलेन जैकेट वितरण



महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। नववर्ष के अवसर पर राजकीय संप्रेषण किशोर एवं सुरक्षा गृह, बाल अधिकारिता विभाग, सेठी कॉलोनी में निवासरत किशोरों को 50 कम्बल, 50 बेड मेटरेस एवं 100 वूलेन जैकेट निशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक संदीप ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के वंचित एवं संरक्षण में रह रहे किशोरों के लिए इस प्रकार की पहल न केवल उनकी मूल आवश्यकताओं को पूरा करती है, बल्कि उन्हें यह भी एहसास कराती है कि समाज उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में अनीता मूंडल, डीसीपीओ, बाल अधिकारिता विभाग, गौरव शर्मा (अधीक्षक), पुष्पेंद्र कश्यप, सुनील भार्गव, (प्रोबेशन ऑफिसर), श्री अनिल कुमार (केयर टेकर), श्री दयाराम स्वामी (प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव, मुकुल माधव फाउंडेशन), श्री आशीष शर्मा व अभिषेक जी फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।